संदेश

ईस्टर के शुभ अवसर पर, मैं भारत और विदेशों में रह रहे सभी देशवासियों, विशेषकर ईसाई समुदाय को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।

यीशू मसीह के पुन: अवतरित होने का उत्सव एक ऐसा अवसर है जो हमें प्रेम, त्याग और क्षमा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है। आइए, हम यीशू मसीह के जीवन से प्रेरणा लें और सम्पूर्ण मानवजाति की भलाई के लिए मिलकर काम करें।

मेरी कामना है कि इस त्योहार के माध्यम से हमारे बीच परस्पर एकता की भावना बढ़े और राष्ट्र की खुशहाली एवं समृद्धि के लिए हमारी प्रतिबद्धता और भी सुदृढ़ हो।

****